www.sakshieducation.com

Total no. of Printed Pages : 24
कुल मुद्रित पृष्ठ संख्या : 24

BOOKLET
पुस्तिका
C

Hall Ticket No. / प्रवेश पत्र संख्या

Signature of Invigilator / पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर

# TRT-4113-HM

**Time : 2 Hours, 30 Minutes** | **Max. Marks : 160**
**समय : 2 घंटे, 30 मिनट** | **कुल अंक : 160**

**Instructions to the candidates :**
**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. Write your Hall Ticket number in the box provided at the left side of the booklet immediately after receiving the Test Booklet.
   परीक्षा पुस्तिका पाने के तुरंत बाद बायीं ओर दिये गये बक्से में अपनी प्रवेश पत्र संख्या (Hall Ticket No.) लिखिए ।
2. Check whether the Test Booklet contains as many pages as are printed on the top of this page.
   इस पृष्ठ पर ऊपर लिखी गयी पृष्ठों की संख्या को परीक्षा पुस्तिका के पृष्ठों की संख्या से जाँच लिजिए ।
3. Check whether all pages are printed properly. Do not remove any pages from the Test Booklet.
   जाँच लिजिए की सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित हैं । परीक्षा पुस्तिका में से कोई भी पृष्ठ अलग मत कीजिए ।
4. Indicate your answers on the given OMR answer sheet only. Read the instructions given on both sides of the OMR answer sheet and follow them accordingly. Do not write the answers in the Test Booklet.
   आपका उत्तर दिये गये OMR उत्तर पत्र में ही दर्शाइये । OMR उत्तर पत्र के दोनों तरफ दिये गये निर्देशों को ध्यान से पढ़िये और तद्नुसार उसका अनुसरण कीजिए । परीक्षा पुस्तिका में उत्तर मत लिखिए ।
5. This Test Booklet consists of 160 multiple choice questions. Answer all questions. Each question carries one (1) mark only.
   इस परीक्षा पुस्तिका में 160 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । हर एक प्रश्न के लिए एक (1) अंक निर्धारित है ।
6. Do not do any rough work in the Test Booklet. Use only the white paper provided at the end of the question booklet for rough work.
   परीक्षा पुस्तिका में रफ कार्य मत कीजिए । रफ कार्य के लिए परीक्षा पुस्तिका के अंत में दिये गये पृष्ठ का ही उपयोग कीजिए ।
7. After completion of the examination, hand over the OMR answer sheet to the Hall Superintendent without fail.
   परीक्षा की समाप्ती पर OMR उत्तर पत्र कक्षनियंत्रक को अवश्य सौंप दीजिए ।
8. Candidate will not be permitted to leave the examination hall till the completion of the stipulated examination time.
   परीक्षार्थी को अनुबंधित परीक्षा समय के पूर्ण होने के पहले परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी ।



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

PART-1 BOOKLET C

## GENERAL KNOWLEDGE AND CURRENT AFFAIRS

1. निम्न में से एक कथन सही है ।

(1) भारत के राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति का चुनाव संसद और राज्य विधान सभाओं के द्वारा होता है ।

(2) भारत के राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति का चुनाव संसद द्वारा होता है ।

(3) भारत के उप-राष्ट्रपति का चुनाव संसद की दोनों सभाओं द्वारा होता है ।

(4) भारत के उप-राष्ट्रपति का चुनाव केवल राज्य सभा द्वारा होता है ।

2. आंध्रप्रदेश से लोकसभा के लिए भेजे जानेवाले संसद के सदस्य हैं -

(1) 41

(2) 60

(3) 39

(4) 42

3. वर्नाकुलर प्रेस एक्ट (The Vernacular Press Act) 1878 इनके द्वारा प्रस्तुत किया गया है -

(1) लार्ड रिपन (Lord Ripon)

(2) लार्ड लिट्टन (Lord Lytton)

(3) लार्ड डलहौजी (Lord Dalhousie)

(4) लार्ड डिफरिन (Lord Dufferin)

4. निम्न में से एक कथन सही नहीं है -

(1) संसद की दोनों सभाओं की अनुमति के बिना कोई विधेयक कानून नहीं बन सकता है ।

(2) वित्तीय बिलों के अतिरिक्त अन्य सभी बिल राज्यसभा में आरंभ किये जाते हैं ।

(3) सरकार के विरुद्ध होनेवाले असम्मति प्रस्तावों को केवल लोकसभा में ही प्रस्तुत तथा पारित किया जाता है ।

(4) संविधान में संशोधन करनेवाला बिल केवल लोकसभा में ही आरंभ किया जाता है ।

5. निम्न में से एक सही नहीं है ।

(1) संसद के पुन: समावेशों की पिछली तिथियों से अध्यादेश (ordinance) रोक दिया जाता है ।

(2) जब संसद का सत्र न चल रहा हो तब अध्यादेश (ordinance) की घोषणा करने का अधिकार राष्ट्रपति को ही होता है ।

(3) सभी अध्यादेशों को अनुमति के लिए दोनों सभाओं के समक्ष रखना आवश्यक है ।

(4) यदि संसद की अनुमति न हो तो संसद के पुन: समावेशों के छ: सप्ताह के बाद भी अध्यादेश रोक दिया जा सकता है ।



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



6. निम्न में से एक सही है –
   (1) स्ट्रेटोपॉज, स्ट्रेटोस्फीयर को ट्रोपोस्फीयर से अलग करता है ।
   (2) स्ट्रेटोपॉज, स्ट्रेटोस्फीयर को मेसोफियर से अलग करता है ।
   (3) स्ट्रेटोपॉज, स्ट्रेटोस्फीयर को ट्रोपोपॉज से अलग करता है ।
   (4) स्ट्रेटोपॉज, स्ट्रेटोस्फीयर को आइनॉस्फीयर से अलग करता है ।

7. निम्न में से एक का वर्गीकरण 'Chernozem' की तरह हुआ है –
   (1) ब्लैक सॉइल (Black soil)
   (2) रेड सॉइल (Red soil)
   (3) अलुवियल सॉइल (Alluvial soil)
   (4) पीटी सॉइल (Peaty soil)

8. 'गिर नैशनल पार्क फॉर वाइल्ड लाइफ' (Gir National Park for wild life) यहाँ पर स्थित है –
   (1) बिहार (Bihar)
   (2) छत्तीसगढ़ (Chhattisgarh)
   (3) मेघालय के साऊथ गारो हिल्स (South Garo hills of Meghalaya)
   (4) गुजरात (Gujarat)

9. वृद्धों के बिमारियों का अध्ययन और उनकी चिकित्सा है –
   (1) हिपॉटोलॉजी (Hepatology)
   (2) जेरियाट्रिक्स (Geriatrics)
   (3) इम्युनोलॉजी (Immunology)
   (4) हिमाटोलॉजी (Hematology)

10. दिसम्बर 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम सत्र यहाँ हुआ ।
   (1) अहमदाबाद
   (2) मुम्बई
   (3) सूरत
   (4) कोलकत्ता

11. इनके नेतृत्व में 'खिलाफत आन्दोलन' प्रारंभ हुआ ।
   (1) मोहम्मद अलि और शौकत अलि
   (2) एम. ए. जिन्ना
   (3) बद्रुद्दिन त्याब्जी
   (4) खान अब्दुल गफार खान

12. निम्न में एक कथन सही नहीं हैं ।
   (1) 'गीता रहस्य और आर्कटिक होम आफ वेदास्' (Gita Rahasya and Arctic Home of Vedas) किताबें बी.जी. तिलक ने लिखीं ।
   (2) 'मराठा और केसरी पत्रिकाओं को बी.जी. तिलक ने आरंभ किया ।
   (3) जस्टिस रानडे के मार्गदर्शन में दक्कन एज्युकेशन सोसायटी (Deccan Education Society) की स्थापना बी.जी. तिलक ने की ।
   (4) 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सत्र 1905' का संचालन बी.जी. तिलक ने किया ।



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



13. 1929 में कांग्रेस के इस सत्र में 'पूर्ण स्वराज्य' को कांग्रेस के लक्ष्य के रूप अपनाया गया ।
   (1) सूरत (Surat)
   (2) लाहौर (Lahore)
   (3) विजयवाड़ा (Vijayawada)
   (4) लखनऊ (Lucknow)

14. 2001 तथा 2009 के बीच एलांकिशन ऑफ लैसेंसस् एण्ड स्पेक्ट्रम के निरीक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा नियुक्त किये गये समिति के सदस्य हैं -
   (1) जस्टिस (Retd.) संतोष हेगड़े
   (2) जस्टिस (Retd.) शिवराज पाटील
   (3) जस्टिस (Retd.) सुदर्शन रेड्डी
   (4) जस्टिस (Retd.) ए.के. गांगुली

15. संयुक्त राज्य अमरिका की संसद कहलाती है -
   (1) कांग्रेस (Congress)
   (2) नेशनल असेंब्ली (National Assembly)
   (3) पीपल्स असेंब्ली (People's Assembly)
   (4) नेशनल कांग्रेस (National Congress)

16. प्रस्तुत लोकसभा के विपक्षीय दल के नेता है -
   (1) श्री. यशवंत सिन्हा
   (2) श्रीमती सुषमा स्वराज
   (3) श्री. मुरली मनोहर जोशी
   (4) श्री. एल.के. अड़वानी

17. 2011 में, रविचंद्रन अश्विन डबल सेंचुरी और पाँच विकेट हॉल करनेवाले भारत के तीसरे क्रिकेटर बने । इस सम्मान को प्राप्त करनेवाले अन्य दो भारतीय क्रिकेटर हैं -
   (1) सचिन तेंडुलकर और मोहम्मद अझरुद्दीन
   (2) रॉजर बिन्नी और कपिल देव
   (3) मोहिन्दर अमरनाथ और रवि शास्त्री
   (4) विनोद मांकड और पोली उमरीगर

18. निम्न में से एक देश राजधानी की जोड़ी सही है -
   (1) मोरोक्को-मोनाको (Morocco-Monaco)
   (2) लिबिया-ट्रिपोली (Libya-Tripoli)
   (3) बहरेन-दोहा (Bahrain- Doha)
   (4) ईरान-बगदाद (Iran-Baghdad)

19. 'अंतर्राष्ट्रीय द्रव्य निधि' (International Monetory Fund) के प्रस्तुत प्रबंध निदेशक हैं -
   (1) केमिल्ले गट्ट (Camille Gutt)
   (2) डोमिनिक स्ट्राँस कान (Dominique Strauss-kahn)
   (3) जोस ग्राजियानो द सिल्वा (Jose Graziano Da Silva)
   (4) क्रिस्टिन लगार्डे (Christine Lagarde)

20. वह स्थान जहाँ ओसामा बिन लादेन छिपा हुआ था जब (US troops) ने उसे मारा था ।
   (1) अब्बोताबाद (Abbottabad)
   (2) पेशावर (Peshawar)
   (3) वज़ारिस्तान (Wazaristan)
   (4) जलालाबाद (Jalalabad)



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

BOOKLET C

## PART-II
## PERSPECTIVES IN EDUCATION

21. 'हम ऐसी शिक्षा चाहते हैं जिससे चरित्र का निर्माण हो, मस्तिष्क की शक्ति में वृद्धि हो, बुद्धि का विस्तार हो तथा जिससे हर एक व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो सके ।' इस पर इन्होंने ज़ोर दिया -
(1) महात्मा गाँधी
(2) अरबिंदो
(3) रविन्द्रनाथ टैगोर
(4) स्वामी विवेकानंद

22. राज्य को चाहिए कि वह विशेष देखभाल से दुर्बल वर्ग के लोगों की शैक्षिक और आर्थिक रुचियों को बढ़ावा दें, विशेषत: एस.सी. और एस.टी. लोगों को तथा सामाजिक अन्याय और सभी रूपों में उन पर होनेवाले अत्याचारों से उनकी सुरक्षा करें । इसे हमारे संविधान की यह धारा बताती है -
(1) धारा - 16
(2) धारा - 15
(3) धारा - 46
(4) धारा - 21

23. सभी के लिए शिक्षा पर विश्व सम्मेलन जोमतीन में इस वर्ष आयोजित हुआ -
(1) 2000
(2) 1990
(3) 2009
(4) 1995

24. 'विहार' (मोनास्ट्रिस) इनकी शिक्षण संस्थाएँ हैं -
(1) जैन वाद
(2) वैदिक शिक्षा
(3) हिन्दूवाद
(4) बौद्ध शिक्षा

25. मध्ययुगीन शैक्षिक संस्थान 'मकताब' इनके लिए हैं -
(1) मुस्लिम बच्चों के लिए एलीमेंट्री शिक्षा
(2) सभी के लिए खुली एलीमेंट्री शिक्षा
(3) उच्च स्तर पर धार्मिक शिक्षा
(4) व्यावसायिक शिक्षा

26. ब्रिटिश भारत के हर प्रांत में 'जन निर्देश विभाग' की स्थापना की सिफारिश इसके द्वारा की गई -
(1) हंटर कमीशन, 1882
(2) वुड्स डिस्पैच, 1854
(3) लार्ड रिपन
(4) विलियम बेंटिक, 1835

27. 'हमारे शिक्षा यंत्र में हमारी माध्यमिक शिक्षा अति कमज़ोर कड़ी के रूप में हैं जिसमें तत्काल सुधार की आवश्यकता हैं' - इसका निरीक्षण करनेवाले थे -
(1) राधाकृष्ण विश्वविद्यालय शिक्षा कमीशन
(2) मुदलियार माध्यमिक शिक्षा कमीशन
(3) ताराचंद कमिटी
(4) कोठारी शिक्षा कमीशन



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



28. एन.सी.एफ. 2005 के अनुसार निम्न में से एक गलत है -

(1) देश के प्रजातांत्रिक स्वभाव पर सोच-विचार किया गया ।

(2) पाठ्यक्रम के बोझ पर सोच-विचार किया गया ।

(3) अंग्रेजी भाषा को उचित भार नहीं प्रदान किया गया ।

(4) छात्र अधिगम के उपचार में समग्र उपागम

29. निम्न में से एक तकनीक छात्रों में रचनात्मक विकास में सहायता करती है -

(1) सहयोगिक कार्य

(2) सामूहिक कार्य

(3) प्रश्न और उत्तर

(4) मस्तिष्कमंथन

30. सामाजिक उपव्यवस्था के अनुसार शिक्षा की मुख्य भूमिका है -

(1) समाज की कमियों को इंगित करना और सही करना ।

(2) आनेवाली पीढ़ियों में सामाजिक मूल्यों का संवाहन करना ।

(3) लोगों को शांतिपूर्ण जीवन यापन के लिए सहायता देना ।

(4) समाज में आधुनिकीकरण को प्रस्तुत करना ।

31. एन.सी.एफ. 2005 के अनुसार निम्न में से एक की महत्वाकांक्षा देश के विभिन्न प्रांतों में तुलनात्मक गुणवत्ता को निश्चित करने के लिए विकसित होने की है ।

(1) सामान्य पाठ्यक्रम

(2) एक सामान्य विद्यालय पद्धति

(3) सभी राज्यों में हिन्दी विद्यालयी विषय के रूप में

(4) अंग्रेजी भाषा के शिक्षण पर ज़ोर

32. हाल ही में एम.एच.आर.डी. ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा से संबंधित शैक्षिक विकास अनुक्रमणिका (EDI) का विकास किया । यह राज्य इस अनुक्रमणिका के सबसे ऊँचे स्तर पर है -

(1) केरल

(2) दिल्ली

(3) आंध्रप्रदेश

(4) तमिलनाडू

33. दूरदर्शन और इग्नू (IGNOU) के संयुक्त स्वामित्ववाला शैक्षिक चैनल है -

(1) मन टी.वी.

(2) ज्ञान दर्शन

(3) नेशनल स्कूल चैनल

(4) एडूसेट

34. कक्षा में व्यक्तिगत विभिन्नताओं का ज्ञान शिक्षक को इसके लिए मदद करता है -

(1) छात्रों के गृहकार्य के मूल्यांकन के लिए

(2) कक्षा में अनुशासन बनाये रखने के लिए

(3) कक्षा में आवश्यक प्रबंध के लिए

(4) शिक्षक अधिगम क्रियाकलापों की योजना बनाने के लिए



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



35. बालक का मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम (आर.टी.ई.ए.) 2009 इस आयु वर्ग के बालकों के लिए है -

(1) 0 - 14 वर्ष

(2) 6 - 14 वर्ष

(3) 5 - 16 वर्ष

(4) 1 - 16 वर्ष

36. 'सामान्य और व्यावसायिक कार्य-अनुभव का प्रस्तुतीकरण शिक्षा के अभिन्न अंग के रूप में होना चाहिए' यह इसकी सिफारिश थी -

(1) माध्यमिक शिक्षा कमीशन

(2) कोठारी कमीशन 1964-66

(3) उच्च शिक्षा कमीशन

(4) ज़ाकिर हुसैन बुनियादी शिक्षा कमेटी

37. राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आर.एम.एस.ए.) का उद्देश्य है -

(1) 2013 तक सभी के लिए निम्न माध्यमिक शिक्षा, और 2017 तक सभी के लिए उच्च माध्यमिक शिक्षा का अर्जन

(2) मौलिक अधिकार के रूप में सभी को माध्यमिक शिक्षा

(3) 2020 तक सभी बालिकाओं के लिए माध्यमिक शिक्षा

(4) 2020 तक सभी के लिए निम्न माध्यमिक शिक्षा

38. संस्कृति के संदर्भ में शिक्षा की भूमिका है -

(1) संवर्धन

(2) संरक्षण

(3) आधुनिकीकरण

(4) संरक्षण और संवर्धन दोनों

39. निम्न में से एक शिक्षक का व्यावसायिक विकास नहीं है।

(1) इनक्लुसिव शिक्षा पर आधारित कार्यशालाओं में भाग लेना।

(2) सेमिनारों में भाग लेना और लेख प्रस्तुत करना।

(3) पदोन्नति द्वारा उच्च स्तर तक पहुँचना।

(4) डाइट (DIET) और एससीईआरटी के सेवाकालीन कार्यक्रमों में भाग लेना।

40. वह विद्यालय उत्तम है जो इसमें छात्रों की देखरेख करता है -

(1) मानसिक शिक्षा में

(2) शारीरिक शिक्षा में

(3) सर्वांगीण विकास में

(4) सामाजिक शिक्षा में



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



41. मुंबई मेल के उस थर्ड क्लास कंपार्टमेंट में उस दिन पूज्य मालवीयजी के संदेश का परीक्षण सफल रहा था । इस वाक्य में प्रयुक्त निदेशी शब्द हैं -

(1) मुंबई, सफल

(2) परीक्षण संदेश

(3) कंपार्टमेंट, पूज्य

(4) मेल, थर्ड क्लास कंपार्टमेंट

42. अंगुलिमाल ने हिंसा त्याग दी तथा भगवान बुद्ध का शिष्य बन गया । यह वाक्य है -

(1) आश्रित वाक्य

(2) सरल वाक्य

(3) संयुक्त वाक्य

(4) मिश्र वाक्य

43. निम्न में से एक निषेधात्मक वाक्य है -

(1) दिल्ली भारत की राजधानी है ।

(2) भारत कृषि प्रधान देश है ।

(3) क्या कलकत्ता बड़ा शहर है ?

(4) जापान बहुत बड़ा देश नहीं है ।

44. 'मैंने अच्छा पत्र लिखा' इस वाक्य में वाच्य है -

(1) कर्तृवाच्य

(2) कर्मवाच्य

(3) कर्म-कर्तृवाच्य

(4) भाववाच्य

45. 'जीवनोल्लास' शब्द का संधि विग्रह इस प्रकार है -

(1) जीवन + उल्लास

(2) जीवनो + ल्लास

(3) जीव + ओल्लास

(4) जीवन + ओल्लास

46. वनवास, आजीवन, आमोद-प्रमोद, नवरंग - इन शब्दों में से द्वंद्व समास है -

(1) वनवास

(2) आमोद-प्रमोद

(3) नवरंग

(4) आजीवन

47. 'आम के आम, गुठलियों के दाम' लोकोक्ति का अर्थ है -

(1) दुगुना लाभ होना ।

(2) आम के दाम देना ।

(3) आम और गुठली दोनों खाना ।

(4) दुगुनी हानि होना ।

48. स्पष्टीकरण के पश्चात् छात्र 'आग बबूला होना' मुहावरे का अर्थ इस रूप में लेते हैं -

(1) आग ही आग लगाना ।

(2) आग बबूल एक करना ।

(3) बहुत भला-बुरा कहना ।

(4) बहुत क्रोधित होना ।

49. सही वर्तनी पहचानिए -

(1) आह्वान

(2) आह्वान

(3) अह्वान

(4) आह्वना

50. हमें व्यायाम हद से ज्यादा नहीं करना ..............।
सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए ।

(1) हो

(2) था

(3) होता

(4) चाहिए



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



51. सही वाक्य पहचानिए -

(1) तुम अपनी नाम और पता बताओ ।

(2) तुम अपना नाम बताओ ।

(3) तुम अपनो नाम और पता बताओ ।

(4) तुम अपने लिए नाम बताओ ।

52. जहाँ पहला शब्द विशेषण या उपमान तथा दुसरा शब्द विशेष्य या उपमेय हो, वहाँ यह समास होता है -

(1) तत्पुरुष समास

(2) द्विगु समास

(3) कर्मधारय समास

(4) अव्ययीभाव समास

53. दो शब्द, वाक्यों या वाक्यांशों को आपस में मिलानेवाले अव्यय को कहते हैं - .............

(1) समुच्चयबोधक अव्यय

(2) संबंधबोधक अव्यय

(3) अधिकरणबोधक अव्यय

(4) विस्मयादिबोधक अव्यय

54. मनुष्य कितना धन देगा और याचक कितना धन लेगा । इस वाक्य में प्रयुक्त 'कितना' यह विशेषण शब्द है -

(1) निर्देशक

(2) परिमाणवाचक

(3) संख्यावाचक

(4) गुणवाचक

55. निम्न में से एक तध्दित विशेषण हैं -

(1) लम्बा (2) कटु

(3) भला (4) पिछला

56. भिन्नाकार सूक्ष्म भिन्नार्थक शब्दों का उदाहरण यह है -

(1) हरि-हरी

(2) शंका-आशंका

(3) अभय-उभय

(4) सूत-सुत

57. आपने मेरा कहना माना, इसलिए उत्तीर्ण हो गये । यह वाक्य है -

(1) संयोजक वाक्य

(2) विभाजक वाक्य

(3) परिणामबोधक वाक्य

(4) विकल्पदर्शक वाक्य

58. अनुवाद प्रक्रिया के अंतर्गत अर्थ ग्रहण करने का पहला और महत्वपूर्ण सोपान है -

(1) निबंध बोध (2) वाक्य बोध

(3) रचना बोध (4) शब्द बोध

59. वाणिज्यिक संदर्भ में 'Turn of Market' का अनुवाद होगा -

(1) बाज़ार का भ्रमण

(2) बाज़ार का घूमना

(3) बाज़ार का मुड़ना

(4) बाज़ार का झुकाव

60. మనము మన పెద్దలను గౌరవించవలెను.

इसका सही अनुवाद है -

(1) हमें अपने बड़ों का आदर करना चाहिए ।

(2) हम हमारे बड़ों का आदर देना चाहिए ।

(3) हमसे अपने बड़ों का आदर चाहिए ।

(4) हमको हमारे बड़ों का गौरव करना चाहिए ।



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



61. 'शिवशंभू के चिट्ठे' और 'गुप्त निबंधावली' इनकी प्रसिद्ध रचनाएं हैं –

(1) विश्वम्भरनाथ शर्मा कौशिक

(2) मैथिलीशरण गुप्त

(3) क्षेमचंद्र सुमन

(4) बालमुकुंद गुप्त

62. 'श्रम होता सबसे अमूल्य धन, सब जन खूब कमाते ।' रामधारीसिंह दिनकर द्वारा रचित यह काव्यपंक्ति इस काव्य से उद्धृत हैं –

(1) हुँकार (2) रेणुका

(3) कुरुक्षेत्र (4) रश्मिरथी

63. 'साहित्य' और 'समालोचक' पत्रिकाओं का इन्होंने सफलतापूर्वक संपादन किया था ।

(1) बाबू गुलाबराय (2) पद्मसिंह शर्मा

(3) डा. दशरथ ओझा (4) प्रेमचंद

64. 'बिखरे मोती' रचना के लिए सुभद्राकुमारी चौहान को प्राप्त पुरस्कार है –

(1) पद्विभूषण

(2) ज्ञानपीठ

(3) भारतरत्न

(4) सेकसेरिया

65. निरालाजी कृत 'रानी और कानी' कविता का विषयवस्तु मुख्यत: इस पर आधारित है –

(1) माँ की विवशता पर

(2) रानी की प्रसन्नता पर

(3) माँ की प्रसन्नता पर

(4) रानी के अल्हड़पन पर

66. रिश्वत नामक महारोग से आक्रांत सरकारी कार्यालयों की फाइलबाजी में मध्यवित्तीय वर्ग का एक साधारण आदमी किस प्रकार पिसता जाता है, इसका बड़ा ही मार्मिक और करुण चित्रण हरिशंकर परसाई कृत इस पाठ में किया गया है ।

(1) भाई-भाई

(2) फायदे का सौदा

(3) वापसी

(4) भोलाराम का जीव

67. वृच्छ कबहुँ नहीं फल भखै, नदी न संचै नीर ।
परमारथ के कारने, साधुन धरा शरीर ।।
इस दोहे में कबीर ने इस तथ्य को उजागर किया है –

(1) भक्ति (2) परोपकार

(3) करुणा, दया (4) मधुर वचन

68. नवीं कक्षा में 'सूरदास के पद' पाठ की 'सूरदास तब बिहँसि जसोदा, लै उर कंठ लगायो' पंक्ति के माध्यम से छात्रों में इस भाव का संचार हो जाता है –

(1) वात्सल्य भाव (2) करुण भाव

(3) रौद्र भाव (4) हास्य भाव

69. अपनी कहानियों में आदर्शवादी दृष्टिकोण द्वारा ग्रामीण किसान की समस्याओं और मजदूरों की दैनिक परिस्थितियों का चित्रण यथार्थ के धरातल पर करनेवाले रचनाकार हैं –

(1) कृष्णदेवप्रसाद गौड़

(2) राय कृष्णदास

(3) मुंशी प्रेमचंद

(4) डा. एन.पी. कुट्टन पिल्लै



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



70. संस्कृत श्रीमद्भागवत के आधार पर हिन्दी में पद रूप में रचित मौलिक गीति काव्य है -

(1) सूरसागर (2) रामचरितमानस

(3) उर्वशी (4) साकेत

71. मंदबुद्धि बालक से महापंडित बननेवाले वरदराज के माध्यम से लेखक ने इसके महत्व पर प्रकाश डाला है -

(1) परोपकार (2) अभ्यास

(3) परिणाम (4) दान

72. प्रेमचन्द कृत 'बड़े घर की बेटी' पाठ में आनंदी लाल बिहारी से कहती है कि - तुम्हारी ओर से मेरे मन में तनिक भी मैल नहीं है। इससे आनंदी के स्वभाव की इन विशेषताओं का पता चलता है -

(1) उदारता और दया

(2) संताप के साथ आनंद

(3) खुशी और व्याकुलता

(4) विकलता और प्रसन्नता

73. खड़ी बोली हिन्दी को काव्योचित रूप देने का श्रेय इस कवि को प्राप्त है -

(1) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(2) डा. शिवमंगल सिंह सुमन

(3) रामधारीसिंह दिनकर

(4) मैथिलीशरण गुप्त

74. रोचक और प्रवाहपूर्ण शैली में हास्य-व्यंग्यात्मक निबंधों की रचना करनेवाले प्रेमचंद युग के प्रसिद्ध कहानीकार और उपन्यासकार हैं -

(1) विश्वम्भरनाथ शर्मा 'कौशिक'

(2) सुब्रह्मण्यम् भारती

(3) जैनेन्द्रकुमार

(4) सुदर्शन

75. साहित्य की सबसे प्राचीन गद्य विधा है -

(1) निबंध

(2) एकांकी

(3) यात्रा-वृत्तांत

(4) कहानी

76. प्रथम भाषा छठीं कक्षा के छात्रों को यदि अध्यापक एकांकी पाठ की जानकारी देना चाहता है तो वह इस पाठ का चयन करेगा।

(1) भारतरत्न : अब्दुल कलाम

(2) बालचर

(3) ऐसे-ऐसे

(4) व्यायाम और योग का महत्व

77. आध्यात्मिकता पर आधारित 'संस्कार' निबंध के निबंधकार हैं -

(1) जयशंकर प्रसाद

(2) मुंशीराम शर्मा

(3) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(4) हजारीप्रसाद द्विवेदी

78. प्रायश्चित; महारानी लक्ष्मीबाई; अशोक का शस्त्रत्याग; पर्यावरण और प्रदूषण
उपर्युक्त पाठों का साहित्य की विधाओं के आधार पर सही क्रम पहचानिए -

(1) कहानी, जीवनी, एकांकी, निबंध

(2) निबंध, कहानी, एकांकी, जीवनी

(3) एकांकी, कहानी, जीवनी, निबंध

(4) कहानी, जीवनी, निबंध, एकांकी



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



79. शब्द चित्रकला और साहित्य के समन्वय से उत्पन्न यह एक अभिनव कला रूप है, जिसे गद्य साहित्य की महत्वपूर्ण विधा का स्थान प्राप्त है -

(1) आत्मकथा (2) जीवनी

(3) रेखाचित्र (4) रिपोतार्ज

80. धर्मवीर भारती द्वारा रचित 'ठेले पर हिमालय' पाठ है -

(1) जीवनी

(2) कहानी

(3) यात्रा वृत्तांत

(4) निबंध

81. 'भारतीय संस्कृति' पाठ में लेखक ने भारतीय संस्कृति के बारे में विस्तारपूर्वक बताया है । यह पाठ है -

(1) एकांकी पाठ

(2) निबंध पाठ

(3) नाटक पाठ

(4) कहानी पाठ

82. संत महात्माओं, राजा-महाराजाओं, विदेशी शासकों, समकालीन राष्ट्रीय नेताओं, देशभक्त क्रांतिकारी युवकों तथा सुप्रसिद्ध साहित्यकारों के जीवन चरित्र का अंकन करना इस विधा के अंतर्गत आता है -

(1) निबंध

(2) कहानी

(3) आत्मकथा

(4) जीवनी

83. हिन्दी की ऐतिहासिक नाट्य परंपरा के वह श्रेष्ठतम नाटककार माने जाते हैं, जिन्होंने 'स्कंदगुप्त' नामक नाटक की रचना की ।

(1) लक्ष्मीनारायण मिश्र

(2) हरिकृष्ण प्रेमी

(3) जयशंकर प्रसाद

(4) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

84. भगवतीचरण वर्मा द्वारा रचित 'प्रायश्चित' कहानी है -

(1) राजनैतिक

(2) पौराणिक

(3) वैज्ञानिक

(4) सामाजिक

85. निम्न में से एक छायावाद की प्रवृत्ति नहीं है -

(1) वर्ग संघर्ष की चेतना

(2) आत्माभिव्यक्ति

(3) प्रकृतिप्रेम

(4) सौंदर्य-भावना

86. इन कवियों की सूचियों में एक ऐसे कवि हैं जिनका नाम छायावाद में लिया जाता है । वह सूची पहचानिए -

(1) अज्ञेय, धर्मवीर भारती, कैलाश वाजपेयी

(2) नागार्जुन, प्रसाद, भवानीप्रसाद

(3) नरेन्द्र शर्मा, जगदीश चतुर्वेदी, बालस्वरूप राही

(4) नरेश मेहता, मुक्तिबोध, जगदीशगुप्त



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



87. निम्न में एक प्रगतिवाद की प्रमुख प्रवृत्ति है जिसे हम शिवमंगलसिंह सुमन और केदारनाथ अग्रवाल की रचनाओं में भी पाते हैं –

(1) सामाजिक क्रांति द्वारा जन संस्कृति का निर्माण

(2) प्रकृति का मानवीकरण

(3) पलायनवाद प्रवृत्ति

(4) वेदना

88. 'नीड़ का निर्माण' कविता में हरिवंशराय बच्चन जी ने इस पर मुख्य रूप से बल दिया है –

(1) पलायनवाद (2) निराशावाद

(3) आशावाद (4) वेदनावाद

89. प्रगतिवादी साहित्यकार मूलतः इस सिद्धान्त में विश्वास रखते थे –

(1) कला-प्रकृति के लिए

(2) कला-कला के लिए

(3) साहित्य कला के लिए

(4) साहित्य जीवन के लिए

90. 'हुंकार', 'रेणुका' जैसी प्रगतिवाद पर आधारित काव्य-रचनाओं के रचनाकार हैं –

(1) बालकृष्ण शर्मा 'नविन'

(2) सुमित्रानंदन पंत

(3) रामधारीसिंह दिनकर

(4) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

91. संवेदनशीलता और चिंतनप्रधान विचारों के धनी 'अज्ञेय' हिन्दी की इस कविता के पुरोधा माने जाते हैं –

(1) छायावादी

(2) रहस्यवादी

(3) प्रगतिवादी

(4) प्रयोगवादी

92. 'निराला' जी ने अपनी कविताओं में ............... का श्री गणेश किया ।

(1) अनुवाद शैली

(2) साहित्यिक परंपरा

(3) भाषा विज्ञान

(4) मुक्त छंद परंपरा

93. मलयालम की प्रसिद्ध पुस्तक 'अध्यात्म रामायण' का हिन्दी में अनुवाद करनेवाले प्रसिद्ध लेखक हैं –

(1) कृष्णदेव प्रसाद गौड़

(2) डा. एन. पी. कुट्टन पिट्ठै

(3) बालशौरी रेड्डी

(4) सुब्रह्मण्यम भारती

94. 'सोभित कर नवनीत लिए, घुटुरनि चलत रेनु तन मंडित' सूरदास द्वारा ब्रजभाषा में रचित इस पंक्ति में ब्रजभाषा के साथ-साथ इस भाषा का प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है –

(1) संस्कृत

(2) अवधी

(3) मैथिली

(4) राजस्थानीमिश्रित ब्रज

95. नागार्जुन द्वारा रचित 'आज मैं चीज हूँ' कविता में प्रयुक्त 'ना-चीज़' और 'गर्क' जैसे शब्द इस भाषा के हैं –

(1) संस्कृत

(2) देशज

(3) हिन्दी

(4) अरबी-फारसी



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



96. मोक्कपाटि नरसिंह शास्त्री द्वारा दसवीं कक्षा प्रथम भाषा में रचित इस पाठ में तेलुगु भाषा का स्पष्ट प्रभाव दृष्टिगोचर होता हैं -
   (1) फायदे का सौदा
   (2) भोलाराम का जीव
   (3) धरती अब भी घूम रही है
   (4) भाई-भाई

97. बंगाल की 'बंगदूत' पत्रिका ............ में भी मुद्रित होती थी ।
   (1) दक्खिनी हिन्दी
   (2) नागरी लिपि
   (3) तेलुगु
   (4) मणिपुरी

98. पूर्वी हिन्दी की यह एक बोली है -
   (1) अवधी
   (2) ब्रज
   (3) गढ़वाली
   (4) मेवाती

99. मीराबाई कृत 'मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरो न कोई' पद की भाषा है -
   (1) मैथिली
   (2) अवधी
   (3) राजस्थानी, ब्रज
   (4) पहाड़ी

100. तुलसीदास द्वारा रचित 'रामचरितमानस' की भाषा है -
   (1) भोजपुरी
   (2) अवधी
   (3) ब्रज
   (4) सधुक्खड़ी

101. हिन्दी की कक्षा में नेपाल के पहाड़ी क्षेत्र से आये छात्र को विषयवस्तु का उचित ज्ञान प्रदान करने के लिए अध्यापक पहाड़ी वर्ग से संबंधित इस बोली का प्रयोग करेगा -
   (1) मारवाड़ी
   (2) गोरखाली
   (3) हरियाणवी
   (4) मेवाती

102. ब्रजभाषा में रचित जयशंकर प्रसाद की रचनाएँ इसमें संग्रहित हैं ............
   (1) मृगनयनी
   (2) सरस्वती
   (3) मानसरोवर
   (4) चित्राधार

103. 'साहित्य दर्पण' नामक अपने ग्रन्थ में काव्य को 'वाक्य रसात्मक काव्यम् ।' अर्थात् रसात्मक वाक्य ही काव्य है, कहकर परिभाषित करनेवाले आचार्य हैं -
   (1) विश्वनाथ
   (2) मम्मट
   (3) भामह
   (4) जगन्नाथ



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



104. सुभद्राकुमारी चौहान द्वारा रचित 'झाँसी की रानी' कविता के अंतर्गत वीर रस और रौद्र रस के ये स्थायी भाव पाये जाते हैं ।

(1) भय, क्रोध

(2) रति, भय

(3) शोक, आश्चर्य

(4) उत्साह, क्रोध

105. कनक-कनक तैं सौगुनी, मादकता अधिकाई ।
उहि खाए बौराए, इहि पाएँ ही बौराई ॥
उपर्युक्त दोहे में प्रयुक्त अलंकार है -

(1) अतिशयोक्ति

(2) अनुप्रास

(3) वक्रोक्ति

(4) यमक

106. जल को गए लक्खन हैं लरिका, परिखौ, पिय! छाँह घरीक है ठाढ़े ।
तुलसीदासद्वारा रचित उपर्युक्त पंक्ति का संबंध इस छंद से है -

(1) चौपाई छंद

(2) सवैया छंद

(3) कुण्डलियाँ छंद

(4) दोहा छंद

107. कक्षा में 'प्रत्यय' संबंधी स्पष्टीकरण के पश्चात् छात्र 'स्वर्गीय' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय को इस रूप में पहचान सकेगा -

(1) इय (2) ईय

(3) स्वर्ग (4) य

108. 'अनुगमन' शब्द में यह उपसर्ग है, जिसका अर्थ क्रमसूचक/पश्चात्/सदृश आदि होता है -

(1) अ

(2) न

(3) गमन

(4) अनु

109. मिठास, शक्कर, हिमालय, बुढ़ापा, चतुर, मनुष्य, पशु, सफल इनमें भाववाचक संज्ञा शब्द हैं -

(1) मिठास, बुढ़ापा

(2) हिमालय, मनुष्य

(3) पशु, चतुर

(4) सफल, शक्कर

110. निम्न में से एक वाक्य निजवाचक सर्वनाम का उदाहरण है -

(1) जो सत्य बोलता है, वह नहीं डरता ।

(2) हमें अपना काम अपने आप करना चाहिए ।

(3) तुम्हें निरंतर काम करना चाहिए ।

(4) कल तुम किससे बातें कर रहे थे?

111. वाह! भला जो ऐसे हैं, उनके आगे स्वर्ग क्या वस्तु है? इस वाक्य में विस्मयादिबोधक शब्द है -

(1) ऐसे (2) भला

(3) वाह (4) आगे

112. सासजी ने माला ली और पूजा-पाठ में मन लगाया । इस वाक्य में प्रयुक्त कारक हैं -

(1) कर्ता, अधिकरण (2) कर्ता, कर्म

(3) कर्म, अपादान (4) कर्ता, संप्रदान



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



113. लिंग नियम सीखने के बाद छात्र 'कवि' शब्द का स्त्रीलिंग इस रूप में लिखता है -

(1) कविता

(2) कविनी

(3) कविआइन

(4) कवयित्री

114. 'चिड़िया' का बहुवचन और उसका शुद्ध रूप है -

(1) चिड़ियो

(2) चिड़ियाँ

(3) चीड़ी

(4) चिड़िएँ

115. मुनि की वाणी ने नागों पर जादू का काम किया । यह वाक्य इस काल में हैं -

(1) पूर्ण भूतकाल

(2) अपूर्ण भूतकाल

(3) सामान्य भूतकाल

(4) आसन्न भूतकाल

116. 'स्वामी' पुल्लिंग शब्द को जब स्त्रीलिंग शब्द में परिवर्तित किया जाता है तो 'ई' के स्थान पर इस प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है -

(1) ई का ही

(2) नी

(3) मनी

(4) इनी

117. हाँ, वही वारि जो मुझसे हरण किया जाता है । 'वारि' का अर्थ है -

(1) हीरा (2) अमृत

(3) जल (4) दूध

118. जड़ चेतन गुन दोषमय, विश्व कीन्ह करतार । 'जड़' शब्द के भिन्नार्थ हैं -

(1) सजीव, झाड़

(2) निर्जीव, मूल

(3) गुण, बुद्धि

(4) चेतना, वृक्ष

119. 'अतिथि' शब्द के पर्यायवाची हैं -

(1) प्रभु, देवता

(2) अभ्यागत, पाहुन

(3) कृषक, किसान

(4) मानव, मनुष्य

120. 'नव' का अर्थ है - 'नवीन' । इस वाक्य में प्रयुक्त शब्द के अर्थ का विलोम है -

(1) नूतन

(2) नया

(3) नवनीत

(4) प्राचीन

121. शब्द-परिचय पाठ समझाने के बाद अध्यापक से पूछे गये 'कपूर' शब्द का तत्सम रूप है -

(1) कपूरी

(2) कर्पूर

(3) कूपी

(4) कूप

122. 'कर्त्तव्य' शब्द का तद्भव रूप है -

(1) करताव

(2) करतब

(3) कतव्य

(4) कतरव



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



**123-128 :** दिये गये गद्यांश को पढ़िए और पूछे गये प्रश्नों के उत्तर पहचानिए -

'जननी जन्मभूमि स्वर्गादपि गरीयसी' अर्थात् माता और मातृभूमि हमारे लिए स्वर्ग से भी बढ़कर है । जन्मभूमि के लिए मनुष्य के हृदय में इतना अधिक मोह होता है कि वह उसके हितार्थ सहज भाव से सप्तकोटि स्वर्गों का प्रलोभन त्याग देता है । जिस देश में हम जन्म लेते हैं, जिसकी गोद में हमारा पालन-पोषण होता है, जिसके अन्न-जल-वायु आदि से हमारे शरीर का संवर्धन-संरक्षण होता है तथा मरणोपरांत हम जिसकी ममता भरी गोद में ही चिर विश्रांति ग्रहण करते हैं, वही हमारी जन्मभूमि है । अपनी भूमि-माता की सुरक्षा तथा समृद्धि के लिए हम जी-जान से प्रयत्न करते हैं, क्योंकि उसकी समृद्धि ही हमारी समृद्धि है । मातृभूमि के प्रति हमारी निष्ठा ही राष्ट्रभक्ति, राष्ट्र-प्रेम, देशभक्ति अथवा देशप्रेम कहलाती है ।

हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राष्ट्रीय जीवन में देशप्रेम का अत्यधिक महत्व है । देश-प्रेम की भावना राष्ट्रीय चेतना को जगाती है और इससे राष्ट्रीय एकता का भाव सुदृढ़ होता है । राष्ट्र के प्रत्येक निवासी, उसके प्रत्येक प्राणी, यहाँ तक कि उसके कण-कण के साथ स्वदेश-प्रेमी का आत्मीय संबंध स्थापित हो जाता है । शायद ही ऐसा कोई मनुष्य राष्ट्र के अंदर हो, जिसके हृदय में देश-प्रेम न हो । देश-प्रेम से रहित हृदयवाला व्यक्ति शुष्क और पत्थर दिल होता है ।

**123.** गद्यांश में दूसरे अनुच्छेद का मुख्य विषय है -

(1) सामाजिकता

(2) धार्मिकता

(3) राष्ट्रीयता

(4) आध्यात्मिकता

**124.** उसकी समृद्धि ही हमारी समृद्धि है । इस पंक्ति में 'उसकी' शब्द का प्रयोग इसका सूचक है -

(1) जननी

(2) भूमि-माता

(3) माता

(4) देवी



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



**125.** जन्मभूमि के हितार्थ मनुष्य इतने स्वर्गों का प्रलोभन भी त्याग देता है -

(1) सात करोड़

(2) सत्रह करोड़

(3) छैंतीस करोड़

(4) साठ करोड़

**126.** राष्ट्रीय एकता के कारण स्वदेश प्रेमी का राष्ट्र के साथ ऐसा संबंध स्थापित हो जाता है -

(1) भौतिक

(2) आत्मीय

(3) दयनीय

(4) आर्थिक

**127.** देह, उर के निम्न में से वे समानार्थी शब्द हैं जिनका प्रयोग गद्यांश में हुआ है -

(1) शरीर, गोद

(2) मनुष्य, स्वर्ग

(3) शरीर, हृदय

(4) ममता, गोद

**128.** 'देशप्रेम से रहित हृदयवाला व्यक्ति' - इस वाक्य को विपरीतार्थक रूप में बतलानेवाला वाक्य है -

(1) देशप्रेम से वंचित हृदयवाला

(2) देशप्रेम से मिश्रित हृदयवाला

(3) देशप्रेम से परिपूर्ण हृदयवाला

(4) देशप्रेम से निराश्रित हृदयवाला



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



129. भाषा प्रयोगशाला के अनुभागों में यह पहला है -
(1) श्रवण कोष्ठ
(2) श्रवणेंद्रिय दूरभाषा
(3) निरीक्षण कक्ष
(4) पूछताछ

130. पाठ्यक्रम निर्माण के सिद्धान्त-संबंधी गलत उत्तर पहचानिए -
(1) उपयोगिता का सिद्धान्त
(2) जीवन से संबंधित होने का सिद्धान्त
(3) अनुभवों की अपूर्णता का सिद्धान्त
(4) रचनात्मक कार्य का सिद्धान्त

131. पाठसहगामी क्रियाओं से संबंधित उत्तर है -
(1) सामाजिक क्रिया - बालचर
(2) साहित्यिक क्रिया - संगीत
(3) शैक्षिक क्रिया - कवितोच्चारण
(4) कलासंबंधी क्रिया - विषय परिषद

132. पाठ्यपुस्तकों के विषयों में विविधता के साथ उसकी .............. भी होनी चाहिए ।
(1) शैली-समानता
(2) अनुपयुक्तता
(3) आवश्यकता
(4) मौलिकता की रक्षा

133. आत्मनिष्ठ परीक्षण के अंतर्गत यह परीक्षा आती है -
(1) मौखिक परीक्षा
(2) सत्यासत्य परीक्षा
(3) रिक्तस्थानपूर्ति परीक्षा
(4) बहुविकल्प परीक्षा

134. शिक्षक को छात्रों की व्यक्तित्वसंबंधी कठिनाइयाँ, समायोजनसंबंधी परेशानियाँ, अवरुद्ध संवेग आदि के कारण इससे पता चलता है -
(1) मूल्यांकन
(2) शिक्षण पद्धति
(3) शैक्षणिक निदान
(4) शैक्षणिक उपचार

135. 95, 84, 56, 31, 15 .............. इनमें से मध्य निम्नांक है -
(1) 56
(2) 84
(3) 15
(4) 31

136. जब छात्रों का मूल्यांकन अध्यापक पूरे वर्ष तक नियमित शिक्षण करते हुए जारी रखे हैं, तो उसे कहते हैं -
(1) सतत समग्र मूल्यांकन
(2) समग्र मूल्यांकन
(3) उत्तम परीक्षा का नियोजन
(4) उद्देश्याधारित मूल्यांकन



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



137. 'भाषा मानव के उच्चारणावयवों से उच्चरित यादृच्छिक ध्वनि-प्रतीकों की वह संरचनात्मक व्यवस्था है, जिसके द्वारा समाज-विशेष के लोग आपस में विचार-विनिमय करते हैं ।' यह कथन इनका है -

(1) डा. मंगलदेव शास्त्री

(2) कामता प्रसाद गुरू

(3) डा. भोलानाथ तिवारी

(4) डा. बाबूराम सक्सेना

138. भारतीय संविधान के इस अनुच्छेद में हिन्दी संवर्धन के लिए निर्देश दिये गये हैं -

(1) 345

(2) 343 (1)

(3) 347

(4) 351

139. माध्यमिक शिक्षा में सुधार लाने हेतु 1948 ई. में इनकी अध्यक्षता में एक समिति को काम सौंपा गया -

(1) केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार मण्डल

(2) डा. लक्ष्मणस्वी मुदलियार

(3) माध्यमिक शिक्षा आयोग

(4) डा. ताराचन्द

140. आन्ध्रप्रदेश में हिन्दी को उच्च प्राथमिक स्तर पर द्वितीय भाषा के रूप में पढ़ाते वक्त मुख्य उद्देश्य यह होता है -

(1) भाषिक कौशलों में प्रावीण्य

(2) व्यावहारिक योग्यता में दक्षता

(3) साहित्य-समीक्षा

(4) साहित्यिक पक्ष पर बल

141. पहले दृश्य-जगत की वस्तुओं का परिचय देना, फिर नाम बताना, फिर विचारों के लिए प्रयुक्त शब्द का ज्ञान कराना... शब्दार्थ तथा शब्द - प्रयोग सिखाने में उपयोगी शिक्षण सूत्र है यह -

(1) ज्ञात से अज्ञात की ओर

(2) मूर्त से अमूर्त की ओर

(3) अनुभव से तर्क की ओर

(4) निगमन से आगमन की ओर

142. अध्यापक 'भीष्म-संदेश' पाठ में आये कठिन शब्दों की व्याख्या किसी कहानी, घटना, दृष्टान्त आदि द्वारा करता है । व्याख्या प्रणाली की यह विधि है -

(1) व्युत्पत्ति

(2) पर्याय

(3) शाब्दिक उदाहरण

(4) रेखाचित्र

143. दहेज-प्रथा का उन्मूलन कैसा होगा? दहेज-प्रथा का परिणाम क्या हो रहा है? ............ ये हैं -

(1) विचारात्मक प्रश्न

(2) विकासात्मक प्रश्न

(3) समस्या प्रश्न

(4) पुनरावृत्ति प्रश्न

144. फूल - लाल फूल; घोड़ा - सफेद घोड़ा; आम - मीठा आम; भाई - तीन भाई... प्रश्नोत्तर के साथ शिक्षण-कार्य करते हुए अध्यापक विशेषण की परिभाषा देता है । शिक्षण की यह विधि है -

(1) प्रायोजना पद्धति

(2) प्रश्न विधि

(3) प्रत्यक्ष विधि

(4) आगमन विधि



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



145. जब केवल नियम और व्याख्या से शिक्षण नीरस और बोझिल हो जाता है, तब शिक्षक को चाहिए -

(1) अधिक समय तक प्रसंग देना

(2) कठिन विषय प्रस्तुत करना

(3) विश्राम लेना

(4) उदाहरण देकर नीरस प्रसंग को सरस बनाना

146. भाषा-शिक्षण के द्वारा छात्रों में सद्वृत्तियों का विकास करने का अर्थ है, इनका विकास करना -

(1) साहित्य-रसास्वादन और समालोचना

(2) श्रद्धा, सहृदयता, देश-प्रेम आदि

(3) स्वानुभूत भावों की अभिव्यक्ति

(4) ध्वनि, शब्द एवं वाक्य रचना का ज्ञान

147. 'नेतृत्व और शिक्षण में पर्याप्त समानता है, जो स्वाभाविक और अर्जित गुण एक में योग देते हैं, वे दूसरे में भी पर्याप्त योग देते हैं ।' यह कथन इनका है -

(1) पेण्टन

(2) रेमाण्ट

(3) बालकृष्ण जोशी

(4) रायबर्न

148. विषय के ज्ञान को अभिव्यक्त करने की क्षमता तथा शिक्षण की सुन्दर शैली ............ के द्योतक हैं ।

(1) व्यावहारिक योग्यता

(2) व्यक्तिगत आदत

(3) व्यावसायिक दक्षता

(4) साहित्यिक ज्ञान

149. क्रम, श्रम, प्रम आदि का उच्चारण सस्वरवाचन की इस विधि के द्वारा सिखाये जाते हैं -

(1) ध्वनिसाम्य विधि

(2) अनुध्वनि विधि

(3) समवेतपाठ विधि

(4) अक्षर-बोध विधि

150. 'ऐसी बानी बोलिए मन का आपा खोय । औरन को सीतल करै आपहु शीतल होय ।' इस दोहे में मौखिक अभिव्यक्ति की यह विशेषता पायी जाती है -

(1) स्वाभाविकता

(2) सजीवता

(3) स्पष्टता

(4) मधुरता

151. 'अनधिकार' शब्द को श्रुतलेख और सुलेख में भी दसवीं कक्षा का छात्र 'अनाधिकार' लिखता है । इसका कारण यह हो सकता है -

(1) अंग्रेजी भाषा का प्रभाव

(2) व्याकरण का अधूरा ज्ञान

(3) लोक प्रभाव

(4) अशुद्ध उच्चारण

152. मौनवाचन में जल्दी ही गति और प्रवाह लाने के लिए छात्रों को इस बात पर ध्यान रखना है -

(1) नियमित रूप से न होना

(2) प्रगति-पत्रक रखना

(3) एकाग्र चित्त होना

(4) फुसफुसाते रहना



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

153. उच्चारणस्थल नाक से [illegible] जानेवाली ध्वनियों को पहचानिए -

(1) हँ, हूँ

(2) आ, आँ

(3) हाँ, प

(4) उ, ऊँ

154. वर्तनी की दृष्टि से अक्षर लोप से संबंधित अशुद्ध शब्द है -

(1) मरम

(2) गुटफ्वार

(3) उन्होंने

(4) स्वास्थ

155. भाषा-शिक्षण में कक्षा-शिक्षण के 'अनिवार्य शिक्षण उपकरणों के अन्तर्गत परंपरागत साधन है -

(1) नक्शे, रेखाचित्र

(2) चित्र, सहायक पुस्तकें

(3) नमूने, शिरोपरि प्रक्षेपक

(4) श्यामपट, खड़िया

156. 'डाक्टर आम्बेडकर' पाठ [illegible] में 'कठिनता निवारण' इस प्रकार कर सकते हैं -

(1) कठिन शब्दों के स्पष्टीकरण के द्वारा

(2) कठिन विषयवस्तु के मूल्यांकन से

(3) कहावतों और मुहावरों के द्वारा

(4) विचार विश्लेषण के साथ

157. उच्च रचना-शिक्षण विधियों के अंतर्गत '[illegible]-विधि' में अध्यापक का कार्य केवल यह होता है -

(1) पथ-निर्देशन करना

(2) रूपरेखा श्यामपट पर लिखना

(3) ज्ञानेंद्रियों का प्रशिक्षण देना

(4) दृश्यों का वर्णन करना

158. सूक्ष्म-शिक्षण पाठ-योजना में छात्राध्यापक शब्दार्थ सिखलाने का यह प्रारूप अपनाते हैं -

(1) श्यामपट कार्य

(2) [illegible] - शब्दार्थ - सूक्ति - श्यामपट कार्य

(3) भाव संकेत - श्रवण - शब्दार्थ

(4) शब्दार्थ - मूल्यांकन

159. कक्षा में यदि अध्यापक उचित वातावरण में पाठ पढ़ाना चाहते हैं, तो उन्हें प्रस्तावना के रूप में ........ को अपनाना चाहिए ।

(1) वाचन

(2) [illegible]

(3) [illegible]

(4) [illegible]

160. सूक्ष्म शिक्षण-प्रक्रिया [illegible]

(1) [illegible] पाठ-योजना

(2) [illegible] पाठ-योजना

(3) दल-पत्र शिक्षण

(4) [illegible] पाठ-योजना



www.sakshieducation.com